कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
कृषि अनुसंधान भवन-I, पूसा, नई दिल्ली 110 012
AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD
(INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH)
Krishi Anusandhan Bhavan-I, Pusa, New Delhi-110012
Tele : 25840251, 25848172; Fax : 25846311

फाइल सं. 9(3)/2016-परीक्षा 1 | दिनांक 12, अप्रैल, 2018

नोटिस

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 38 संस्थानों में तकनीशियन (टी-1) पदों (परिशिष्ट-1) को भरने हेतु आम प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन का दायित्व कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल को सौंपा गया है। मंडल ने पूर्व मेंदिनांक 04 सितम्बर, 2016 को परम्परागत पद्धति (ओ.एम.आर. शीट्स के उपयोग) से देश के 27 परीक्षा केन्द्रों में एक आम प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया। तथापि कुछ प्रशासनिककारणों से उक्त परीक्षा रद्द कर दी गई और यह निर्णय लिया गया कि मंडल द्वारा दिनांक 24 जून, 2018 (रविवार) को पुन: कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा उन उम्मीदवारों के लिए किया जाएगा जिन्होंने देश के विभिन्न केन्द्रों में 04.09.2016 को आयोजित परीक्षा में उपस्थित हुए थे। तदानुसार सभी संबंधितों को कृ.वै.च.मं./भा.कृ.अनु.प. वेबसाइट www.asrb.org.in /www.icar.org.inपर प्रदर्शित नोटिस सं. 5(60)/2017-सीसी-।। दिनांक 04 अप्रैल, 2018 के माध्यम से सूचित किया गया। ऑनलाइन परीक्षा के आयोजन हेतु मंडल को उम्मीदवारों का ऑनलाइन कॉमन डाटा बेस तैयार करने की आवश्यकता है।

भा.कृ.अनु.प. के विभिन्न संस्थानों द्वारा तकनीशियन (टी-1) पदों के लिए अलग-अलग विज्ञापित विज्ञापनों के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करते हुए ऐसे आवेदक जो दिनांक 04.09.2016 को आफलाइन पद्धति (ओ.एम.आर. आधारित) से आयोजित परीक्षा में उपस्थित हुए थे, से अनुरोध है कि वे कृवैचमं/भाकृअनुप. के वेबसाइट www.asrb.org.in /www.icar.org.in को देखें तथा अपने विवरणों को 16.04.2018 (प्रात: 9.00 बजे) से 15.05.2018 (शाम 05.00 बजे) के दौरान वेबसाइट पर दिए गए लिंक में प्रस्तुत करें। यह लिंक 15.05.2018 (शाम 05.00 बजे) के बाद स्वत: ही बंद हो जाएगा। किसी भी परिस्थिति में 15.05.2018 शाम 05.00 बजे के बाद पंजीकरण की अनुमति नहीं होगी। पंजीकरण तिथि के बाद परीक्षा में उपस्थित होने हेतु किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

वैसे आवेदक जो दिनांक 04.09.2016 को आयोजित परीक्षा में उपस्थित नहीं हुए थे, उपरोक्त लिंक पर पंजीकरण न करें क्योकि किसी भी परिस्थिति में इस प्रकार के उम्मीदवारों को पुन: परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं होगी। इस प्रकार के उम्मीदवार यदि किसी कारण वंस इस पुनर्परीक्षा में उपस्थित होने में सफल हो भी जाते है, तो किसी भी अवस्था में सच्चाई पता चलने पर उन्हें आयोग्य घोषित कर दिया जाएगा तथा उनकी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा।

आवेदक को अपने विवरणों को ऑनलाइन प्रस्तुत करने के दौरान दिए गए विकल्पों में से परीक्षा केन्द्र को चुनना होगा तथापि मंडल के पास यह अधिकार होगा कि वह आवेदक द्वारा चयनित परीक्षा केन्द्र का बदलाव अपने विवेकानुसार एवं कार्यात्मक कारणों से कर सकें। परीक्षा केन्द्र में किए गए बदलाव के संदर्भ में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

आगे जो भी उम्मीदवार निर्धारित तिथि तक उपरोक्त लिंक पर अपना व्यक्तिगत विवरण पंजीकृत करने में असफल रहते हैं, तो उन्हें किसी भी परिस्थिति में पुनर्परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं होगी, चाहे वे इस पद के लिए पूर्व में वैध आवेदन प्रस्तुत किए हों तथा 04.09.2018 को आयोजित ओ.एम. आर. आधारित परीक्षा में उपस्थित भी हुए हों। आवेदकों को पुन: किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा।

परीक्षा की प्रक्रिया के संदर्भ में विस्तृत विवरण अलग से ऑनलाइन पंजीकरण समाप्त होने के पश्चात जारी किया जाएगा।

के.एन. चौधरी
उपसचिव (परीक्षा)